हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

11 यार्ड पुनर्निर्माण के चलते कई ट्रेनें रद्द, मेट्रो पर बढ़ा दबाव




12 विधायक वत्स ने कांग्रेस के ही बड़े नेताओं को घेरा



**खबर संक्षेप**

### छात्राओं से बेंच उतरवाने की वीडियो वायरल

**बहादुरगढ़।** शहर के एक सरकारी स्कूल के बाहर छात्राओं से काम कराने का मामला सामने आया है। इस घटनाक्रम की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। वीडियो में छात्राएं गाड़ी से बेंच उतारकर स्कूल में ले जाती नजर आ रही हैं। इस घटनाक्रम पर लोग मिलीजुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोगों का तर्क है कि छात्राओं से पढ़ाई के अलावा कोई अन्य काम नहीं कराना चाहिए। लड़कियों से भारी भरकम बेंच उतरवाना गलत हैं। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि बेटियां स्कूल का ही काम कर रही हैं, इसमें कोई गलत बात नहीं है।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटे जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने एसडीएम, जिला राजस्व अधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे जिला नगर योजनाकार द्वारा चिन्हित खसरा नंबर में रजिस्ट्री व इन्तकाल न करें। इसके अलावा बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र में बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जाएं। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि झज्जर क्षेत्र के खसरा नंबर 144//28,29 को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त नंबर वाली भूमि पर संबंधित विभाग द्वारा प्लाटिंग को लेकर किसी प्रकार की कोई सीएलयू और एनओसी जारी नहीं की गई है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**बहादुरगढ़।** वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। सेक्टर 6 थाना पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान बंटी के रूप में हुई है। बंटी यहां छिकारा कॉलोनी का निवासी है और सेक्टर 16 स्थित एक कंपनी में काम करता है। जानकारी के अनुसार, तीन मई की देर शाम को वह अपनी पत्नी के साथ सब्जी लेने नाला रोड पर गया था। वापसी में जब कबीर बस्ती के सामने रोड पार करने लगा तो एक बाइक की चपेट में आ गया। टक्कर लगते ही दूर जा गिरा और उसे काफी चोट आई। उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया।

## नगर परिषद में हड़ताल के दौरान अधिकारी पर लगे दुर्व्यवहार के आरोप

# सफाई कर्मियों ने फूंका डीएमसी का पुतला नप ने प्रधान को भेजा कब्जे का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

» *नगर परिषद कार्यालय से आंबेडकर चौक तक सफाई कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर नारेबाजी की*

» *अग्निकांड में जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों व एक सफाई कर्मी के लिए मांगा न्याय*

लंबित मांगों को लेकर पिछली एक मई से पूर्ण हड़ताल पर बैठे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को रोष प्रदर्शन करते हुए डीएमसी का पुतला फूंका गया। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर की जा रही इस हड़ताल के चलते दोपहर करीब 12 बजे सफाई कर्मचारी डीएमसी का पुतला लिए जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय से आंबेडकर चौक तक पहुंचे। यहां उन्होंने डीएमसी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान सफाई कर्मचारी संघ की इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि यह पुतला दहन डीएमसी द्वारा कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण किया गया है। उन्होंने हड़ताल के दौरान खाना खाने बैठी महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। वे अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, ठेका प्रथा बंद करना, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना, अग्निश्मन विभाग फरीदाबाद में मौत का ग्रास बने कर्मचारी भवीचन्द शर्मा और रणबीर को शहीद का दर्जा तथा आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, इसी प्रकार स्थानीय नगर पालिका के पेरोल कर्मचारी राजेश की आकस्मिक मौत के बाद उनके आश्रितों को पचास लाख रुपये मुआवजा व एक सदस्य को नौकरी की मांग शामिल है।




**झज्जर।** आंबेडकर चौक पर डीएमसी का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते हुए सफाई कर्मचारी।

### कर्मचारी संगठनों का मिला साथ

इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामवीर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन से राज्य कैशियर संदीप, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रमेश जाखड़, जयपाल गुढ़ा, जिला सचिव गौरव, ऑडिटर कृष्ण, मनीषा, विनोद गुर्जर, दुष्यंत, शीतल, रानी, संदीप, सुनील, मुकेश, जितेंद्र, विकास, गुलाटी, सुरेश, रविंद्र, विक्रम, शीतल, सविता, अंजू, उषा, सुशीला, सुमित्रा, सरस्वती, बबली, किरण सहित अन्य भी उपस्थित रहे। उधर, नगर परिषद के हड़ताली सफाई कर्मचारियों का वाल्मीकि समाज के प्रधान अभिषेक उर्फ गोलू ने अपनी टीम के साथ समर्थन किया और उनका पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### प्रधान के मकान के चबूतरे को बताया अवैध

प्रदर्शन के दौरान इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि डीएमसी के साथ हुए विवाद के बाद अब नगर परिषद द्वारा उन पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का नोटिस भी भिजवाया गया है। नोटिस में लिखा गया है कि उनके द्वारा सरकारी गली में अवैध तरीके से रैंप अथवा सीढ़ियां निकाल कर अतिक्रमण किया गया है जो अवैध है। इसके लिए उन्हें सात दिनों की अवधि में अतिक्रमण हटाना होगा नहीं तो नगर परिषद अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई अमल में लाएगी। इस नोटिस से भी नप में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### सफाई कर्मचारियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन



**बहादुरगढ़।** मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। मंगलवार को कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन किया। नगर परिषद से यह झाड़ू प्रदर्शन शुरू हुआ। पुराना बस अड्डे से होते हुए वापस नगर परिषद के गेट पर आकर संपन्न हुआ। प्रदर्शन की अगुवाई इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की। जबकि जिला प्रधान राजेंद्र, अजय, मुकेश, होशियार सिंह, सुनील, जयभगवान, सरोज, सुनीता, सोनू, राजीव, कर्मबीर सहित काफी कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल थे। फरीदाबाद में हादसे के दौरान जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा व उनके परिवार को आर्थिक सहायता देने, झज्जर में हड़ताल के दौरान तबीयत बिगड़ने से जान गंवाने वाले सफाई कर्मी के परिवार को आर्थिक मदद देने, ठेका प्रथा बंद करने सहित अन्य मांग कर्मचारी उठा रहे हैं।

## लालचंद कॉलोनी में फायरिंग से दहशत

# बाइक सवार 2 नकाबपोश बदमाशों ने दवा की थोक दुकान पर की फायरिंग



**झज्जर।** वारदात के बाद मामले की जानकारी लेती पुलिस टीम।

- सीसीटीवी में आरोपी प्रिया कॉलोनी की ओर से आते दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर की लालचंद कॉलोनी में मंगलवार सायं करीब साढ़े पांच बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यहां स्थित एक थोक दवा विक्रेता की दुकान पर बाइक पर सवार होकर पहुंचे दो नकाबपोश युवकों द्वारा फायरिंग की गई। मुंह को कपड़े से ढके हुए दोनों युवक दुकान के सामने पहुंचे और दुकान के गेट पर दो राउंड गोली चलाकर मौके से भाग निकले। सूचना मिलने के बाद जहां पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर दुकान के सामने पहुंचे और अचानक फायरिंग कर दी। पुलिस ने इस संबंध में दुकान व आसपास लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाली। एक सीसीटीवी में प्रिया कॉलोनी की तरफ से बाइक पर सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए हैं, जो फायरिंग करने के बाद उसी दिशा में वापिस लौट गए। एसीपी हेडक्वार्टर अनिरुद्ध चौहान ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से दवाओं की थोक दुकान पर गोली चलने की सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की विभिन्न टीमें मौके पर पहुंची। दुकान का मौका मुआयना कर मामले की जांच की गई है। इसमें सभी सुरक्षित है। फायरिंग करने वाले दो युवक हैं। मामले की जांच के लिए पुलिस की सीआईए टीम, एसएचओ सिटी, सहित अन्य टीमों द्वारा छानबीन की जा रही है।



कैमरे में दिखे आरोपी।

## 19 एमएम बरसात 3 डिग्री गिरा पारा

# ओलों से पिघली मई की गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**30 मिनट तक हुई बरसात फिर ठंडी हवा चली**

मई माह में मौसम परिवर्तनशील है। मंगलवार दोपहर को अचानक तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। काफी देर तक ओले गिरे। करीब आधे घंटे में कुल 19 एमएम बरसात दर्ज की गई। मौसम सुहाना हो गया। देर शाम तक भी आसमान में बादल छाए हुए थे। दरअसल, अप्रैल माह की अपेक्षा मई माह के पहले सप्ताह में तापमान काफी कम है। बीच-बीच में बूंदाबांदी हो रही है। मंगलवार की सुबह एक बार धूप निकली, लेकिन फिर बादल छा गए। दोपहर करीब सवा दो बजे अचानक तेज बरसात शुरू हो गई। बरसात के साथ ही ओले भी गिरने शुरू हो गए। शहरी क्षेत्र में कई वर्षों के बाद भारी ओलावृष्टि देखी गई। लगभग आधा घंटा बरसने के बाद बादल थम गए।



**बहादुरगढ़।** मंगलवार दोपहर हुई बरसात के दौरान गिरे ओले।

### सब्जियों में नुकसान

ठंडी हवा चलने के कारण मौसम सुहाना बना रहा। तापमान करीब 3 डिग्री नीचे चला गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। बेल संबंधित सब्जियों की खेती को इस बरसात से नुकसान होने की आशंका है। वहीं, बरसात के कारण कुछ गलियों में पानी भर गया व कचरे में दुर्गंध फैल गई।

# नागरिक अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम होगा अत्याधुनिक : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



**परियोजना पर लगभग 271.42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, पूरे प्रदेश के लिए रखा है 100 करोड़ का बजट**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में जिला नागरिक अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी प्रदान की गई है।

इस परियोजना पर लगभग 271.42 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा 2026-27 के तहत हरियाणा सरकार ने प्रदेश के जिला अस्पतालों, उपमंडल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 100 करोड़ रुपये की विशेष योजना शुरू की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाना और किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित बचाव सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि फायर फाइटिंग सिस्टम के सुदृढ़ होने से अस्पताल परिसर में आगजनी जैसी किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत नियंत्रण पाया जा सकेगा और मरीजों, उनके परिजनों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही नागरिक अस्पतालों में अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है।

# कमरे में मिला प्रवासी युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में मिला है। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना लाइनपार के शंकर गार्डन की है। दरअसल, यहां एक मकान के आसपास दुर्गंध फैली हुई थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और एक मकान में बना कमरा खोला तो उसके अंदर शव मिला। लोगों से पूछताछ में मृतक की कोई जानकारी नहीं मिली।

जांच अधिकारी सचिन ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष आंकी जा रही है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि मृतक युवक यहां कमरे में यूपी मूल के बाबूराम के साथ रहता था। बाबूराम का फिलहाल कुछ अता पता नहीं है।

# बाहरी राज्यों से बने शस्त्र लाइसेंस की 15 दिन में दें जानकारी



**झज्जर।** डॉक्टर राजश्री सिंह, पुलिस कमिश्नर, झज्जर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के तहत ऐसे सभी शस्त्र लाइसेंस धारक, जिनका लाइसेंस अन्य राज्यों से जारी हुआ है लेकिन वे वर्तमान में जिला झज्जर से संबंधित हैं, उन्हें 15 दिनों के भीतर अपने शस्त्र लाइसेंस की पूर्ण जानकारी एवं उसकी सत्यापित प्रति संबंधित थाना में जमा करवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि आर्म्स एक्ट 1959 एवं संबंधित नियमों के तहत यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य राज्य से जारी शस्त्र लाइसेंस के साथ किसी नए जिले या राज्य में निवास करता है तो उसे अपने लाइसेंस की सूचना स्थानीय पुलिस को देना आवश्यक होता है। इसका उद्देश्य शस्त्रों का सत्यापन, रिकॉर्ड अपडेट करना तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इसके अतिरिक्त लाइसेंस धारकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके शस्त्र का विवरण, निवास स्थान एवं अन्य आवश्यक जानकारी स्थानीय थाना रिकॉर्ड में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि के भीतर जानकारी जमा न करवाने वाले लाइसेंस धारकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पाटौदा-लुहारी मार्ग पर सड़क हादसा

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार कर्मचारी की मौत



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान पुलिसकर्मी एवं परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



क्षेत्र के पाटौदा-लुहारी मार्ग पर एक ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुरुग्राम जिले के रामनगर पटौदी निवासी करीब 39 वर्षीय चंद्रकांत पुत्र तेज सिंह के तौर पर की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चंद्रकांत लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। सोमवार की रात वह जब अपनी ड्यूटी खत्म करके वापिस घर लौट रहा था तो एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण चंद्रकांत गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंद्रकांत एक चौदह वर्षीय पुत्री व करीब नौ वर्षीय पुत्र का पिता था। मामले के जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक के चाचा रामनिवास के बयान पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 11 मई को होना है चुनाव

# उद्योग विकास मंच के 24 उम्मीदवारों ने भरे नामांकन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

औद्योगिक संस्था बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के चुनाव को लेकर उद्योग विकास मंच के पैनल के तहत 24 सदस्यों ने मंगलवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी पीके बंसल को सौंपे हैं। संस्था के 21 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 11 मई को मतदान होगा।

मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में उद्योग विकास मंच से बीसीसीआई के निवर्तमान प्रधान सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी, नरेंद्र छिकारा, अखिल मित्तल, पवन कुमार जैन, मनोज सिंघल, नरेश बंसल, अजय खट्टर, अर्पण गुप्ता, राजेश अग्रवाल, कमल कांत वर्मा, अनिल सरीन, रविंद्र कुमार, सत्य नारायण दीक्षित, वीरेंद्र कुमार, जेके अग्रवाल, नवीन कुमार मल्होत्रा, कमल कांत सेठ, विनोद कुमार जैन, अनिल कुमार चानना, राजेश कुमार, संजय नारंग, राजेश चुघ व रविंद्र गोयल उचाना शामिल हैं। इस मौके पर बीसीसीआई के पूर्व प्रधान रामकिशन सिंघल, दिनेश गुप्ता, विकास लाटियान, सुभाष ग्रोवर, वीके जैन, पन्ना लाल वैद, राजकुमार गुप्ता, दर्शन सिंह, भारत भूषण, रमेश गुप्ता, सतीश रांचल, सुभाष गुप्ता व सत्यप्रकाश छिकारा आदि मौजूद रहे। रिटर्निंग ऑफिसर पीके बंसल ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 7 मई है। चुनाव चिह्न भी 7 मई को ही जारी किए जाएंगे। मतदान और मतगणना 11 मई को होगी।



**बहादुरगढ़।** नामांकन दाखिल करते उद्योग विकास मंच के सदस्य।

### उद्योगों की अनेक समस्याओं को उठाया : जग्गा


नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उद्योग विकास मंच के उम्मीदवार सुभाष जग्गा, नरेंद्र छिकारा व विकास आनंद सोनी ने कहा कि बहादुरगढ़ के उद्यमियों की एकजुटता को खत्म नहीं होने देंगे। मंच से जुड़े उद्यमी लंबे समय तक संगठन को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। बीसीसीआई की कार्यकारिणी में रहते हुए मंच से जुड़े उद्यमियों ने अपने कार्यकाल के दौरान उद्योगों से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया। दिक्कतों के समाधान की दिशा में ठोस पहल की। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों, सीवरेज, बिजली आपूर्ति, सुरक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुधार के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिनका लाभ आज भी उद्योगों को मिल रहा है। ट्रांसपोर्ट यूनियन को खत्म करने के अलावा शहर में करोड़ों रुपये की लागत से सीसीटीवी सिटी सर्विलांस सिस्टम स्थापित करवाया है। औद्योगिक विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, अनुभव और प्रशासनिक समन्वय से संभव है।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला

### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं



**लॉस एंजिल्स।** न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सीन्स देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोंनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



## धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

ट्रेनों में बदलाव के चलते सैकड़ों यात्री स्टेशन से लौटे मायूस

# यार्ड पुनर्निर्माण के चलते कई ट्रेनें रद्द, मेट्रो पर बढ़ा यात्रियों का दबाव

मंगलवार को जींद, रोहतक और दिल्ली के बीच चलने वाली कई ट्रेनें रद्द रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

किशनगंज स्टेशन पर चल रहे यार्ड पुनर्निर्माण कार्य के चलते दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर कई एक्सप्रेस व सवारी गाड़ियों को रद्द किया गया, जबकि कुछ ट्रेनों का रूट छोटा किया गया है। मंगलवार को यह व्यवस्था लागू हो गई। रेल सेवा प्रभावित होने के चलते यात्रियों को दिल्ली आने जाने के लिए मेट्रो का रुख करना पड़ा। मंगलवार को जींद, रोहतक और दिल्ली के बीच चलने वाली कई ट्रेनें रद्द रहीं। इनमें जींद-दिल्ली सवारी गाड़ियां 54032 और 54034 के साथ रोहतक-नई दिल्ली-बरेली इंटरसिटी भी शामिल रहीं। इसके अलावा दिल्ली से जींद और जाखल जाने वाली सवारी गाड़ियां 54031 और 54035 भी नहीं चलीं। नई दिल्ली-जींद सवारी गाड़ी 64915 तथा नई दिल्ली-रोहतक-बरेली इंटरसिटी 14323 भी रद्द रही। वहीं शकूरबस्ती और दिल्ली के बीच भी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। कुरुक्षेत्र-दिल्ली फास्ट पैसेंजर, भटिंडा-दिल्ली किसान एक्सप्रेस और श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी को दिल्ली तक नहीं चलाया गया। जींद-नई दिल्ली सवारी गाड़ी भी रद्द रही। हिमसागर एक्सप्रेस को दया बस्ती और ओखला के बीच रद्द किया गया। कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से संचालित किया गया।

### यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा

*दिल्ली-श्रीगंगानगर इंटरसिटी और दिल्ली-भटिंडा किसान एक्सप्रेस को दिल्ली की बजाय शकूरबस्ती स्टेशन से रवाना किया गया। इसी तरह कुरुक्षेत्र-दिल्ली फास्ट पैसेंजर भी शकूरबस्ती से चलाई गई। नांदेड़-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस को ओखला-दया बस्ती मार्ग से निकाला गया। रेल सेवाएं प्रभावित होने का काफी असर बहादुरगढ़ के यात्रियों पर पड़ा। रोजाना ट्रेन से दिल्ली आने-जाने वाले सैकड़ों लोगों को मंगलवार को मेट्रो का सहारा लेना पड़ा। कई यात्री सुबह स्टेशन पहुंचे, लेकिन ट्रेनें रद्द होने की जानकारी मिलने के बाद उन्हें वापस लौटकर मेट्रो स्टेशन जाना पड़ा। इससे यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ भी पड़ा, समय भी खराब हुआ। दिल्ली-रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा ने कहा कि बहादुरगढ़ और दिल्ली के बीच चलने वाली ग्रीन लाइन मेट्रो में पहले से ही केवल चार डिब्बे हैं। अब ट्रेनों के रद्द होने से मेट्रो में भीड़ और बढ़ेगी।*

## महावीर पार्क की बदहाल गली का होगा निर्माण

बहादुरगढ़। महावीर पार्क स्थित गली नंबर-4 की खराब हालत से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। गली के पुनर्निर्माण और गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर हटाने की मांग पर संज्ञान लिया गया है। स्थानीय निवासी सतपाल हाड़ा के अनुसार, सीएम विंडो पर दी गई उनकी दरखास्त के बाद नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर परिषद की ओर से गली के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि निर्माण के बाद स्पीड ब्रेकर भी निर्धारित मानकों के अनुसार लगाए जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि महावीर पार्क की गली नंबर-4 क्षेत्र की मुख्य गलियों में शामिल है। इसी रास्ते से गली नंबर-3 और 5 सहित आसपास की कई छोटी गलियों का संपर्क बना हुआ है। प्रतिदिन हजारों लोगों का यहां से आवागमन होता है, लेकिन पिछले कई वर्षों से गली जर्जर हालत में होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आकाश अपार्टमेंट सहित आसपास के निवासियों द्वारा लंबे समय से गली के निर्माण की मांग उठाई जा रही थी। अब प्रशासन द्वारा पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू किए जाने पर स्थानीय लोगों ने राहत जताई है।

## न्यूज डायरी



### उपचुनाव को लेकर ईवीएम व पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

झज्जर। आगामी दस मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं तथा नगर परिषद झज्जर वार्ड-13 के उपचुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में ईवीएम व पोलिंग पार्टियों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। सीटीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी रितु बंसीवाल की अध्यक्षता में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान ईवीएम मशीनों व पोलिंग पार्टियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन सुनिश्चित किया गया। सीटीएम ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य वार्ड-14 बहादुरगढ़, गांव धांधलान व गांव बादसा में सरपंच पद तथा झज्जर शहर के वार्ड-13 में पार्षद पद के लिए 10 मई को उपचुनाव होना है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए ईवीएम व पोलिंग पार्टियों का रेंडमाइजेशन एक महत्वपूर्ण चरण है।




### डोर टू डोर जाकर स्वच्छता के प्रति आमजन को किया जागरूक

झज्जर। प्रदेश सरकार की नई सोच-नया शहर, स्वच्छ हरियाणा मुहिम के तहत नगर परिषद झज्जर व बहादुरगढ़ तथा नगरपालिका बेरी क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 15 मई तक लगातार चलेगा। जिसका उद्देश्य सभी शहरों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। डीएमसी अभिनव सिवाच ने कहा कि शहरी निकायों में आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी वर्कर और शहरी स्थानीय निकाय स्टाफ सदस्यों के सहयोग विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिनमें सफाई अभियान, जनसंवाद, रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। नगर परिषद व नगरपालिका की टीमें अन्य विभागों के साथ मिलकर ये संदेश घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक के कम उपयोग और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के बारे में जागरूक कर रही हैं।



### खेल स्टेडियमों में खिलाड़ियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति चेताया

झज्जर। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत खेल परिसरों में खिलाड़ियों को खेलों के साथ- साथ नशे जैसी बीमारी से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा और नशे के खिलाफ जागरूकता की शपथ भी दिलाई जा रही है। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को खेल परिसर साल्हावास, तलाव, छारा व नेहरू कॉलेज के क्रिकेट मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के लिए नशा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।



### सेक्टर 2 मोड़ के सामने गड्ढे भरवाकर लगवाई इंटरलॉक टाइल्स

बहादुरगढ़। शहर के झज्जर रोड पर सेक्टर-2 मोड़ के सामने बने गड्ढों को भरवाकर वहां इंटरलॉकिंग टाइलें लगवाई गई हैं। दरअसल, यहां बने गड्ढे वाहन चालकों की राह में बाधा बन रहे थे। अब टाइलें लगने के बाद उनका सफर सुगम होगा। वार्ड नंबर-26 के पार्षद बलराम दलाल उर्फ मिंटू ने बताया कि लंबे समय से झज्जर रोड पर सेक्टर-2 मोड़ के सामने बने गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग द्वारा गड्ढों को भरवाने के साथ-साथ वहां इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य से अब लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटना की आशंका भी कम होगी। पार्षद बलराम दलाल ने इस जनहित कार्य के लिए विभागीय अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।



### वैश्य बीएड कॉलेज में योग कार्यशाला में दिए टिप्स

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मंगलवार को छात्राओं व स्टाफ के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन, एकाग्रता बढ़ाने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। कार्यशाला में भारतीय योगिनी एसोसिएशन और आद्या कौशलम ट्रस्ट से बिमला कुमारी, सविता वावरे, मोहुआ डॉली व मानसी दिरान ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के व्यस्त जीवन में योग शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

**सूचना**

मैं, श्रीमति पिंकी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार निवासी मकान नंबर 25/527, किला मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एसडीएम ने जलघर का किया निरीक्षण

■ जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी


बेरी। जलघर का दौरा कर सप्लाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

मंगलवार को गांव वजीरपुर स्थित जलघर का एसडीएम रेणुका नांदल ने औचक निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जलघर में उपलब्ध संसाधनों, पानी के भंडारण, वितरण प्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने एसडीएम को जलघर की कार्यप्रणाली, पानी की सप्लाई के समय और वितरण तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए विभाग तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रखी जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है, इसलिए इसकी बर्बादी को रोकना बेहद जरूरी है।

## लंबित मांगों को लेकर 9 मई को अटेली में विरोध प्रदर्शन करेंगी आशा वर्कर्स

■ आशा वर्कर्स लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रहीं

■ सरकार द्वारा उनकी लगातार अनदेखी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आशा वर्कर्स यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 9 मई को अटेली मंडी में विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। यूनियन की राज्य सचिव प्रवेश मातनहेल, राज्य कोषाध्यक्ष अनीता, जिला प्रधान किरण व कविता ने संयुक्त रूप से जारी विज्ञप्ति में बताया कि आशा वर्कर्स लंबे समय अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रही है लेकिन सरकार द्वारा उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। यूनियन ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने अब तक उनके प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय नहीं दिया। बार-बार नोटिस देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके कारण आशा वर्कर्स में रोष बना हुआ है। उन्होंने बताया कि, उनकी मुख्य मांगों में केंद्र सरकार द्वारा एक हजार पांच सौ रुपये वेतनवृद्धि को तुरंत लागू करना, वर्ष 2023 में 73 दिन की हड़ताल के कटे गऐ मानदेय को तुरंत जारी करना, आशाओं सहित एससी और बीपीएल की गर्भवती महिलाओं को दिए पैसे का तुरंत भुगतान करना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के काटे गए मानदेय को लागू करना, सभी तरह के ऑनलाइन काम का दबाव बनाना बंद करना व आशाओं पर की जा रही मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना पर तुरंत रोक लगाना शामिल है। अगर सरकार ने वार्ता के माध्यम से उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया तो वे आगामी नौ मई को स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र अटेली मंडी में विरोध प्रदर्शन करेंगी जिसका खामियाजा प्रदेश सरकार को भुगतना पड़ेगा।

## विद्यार्थियों को बताए साइबर अपराध से बचाव के तरीके



*झज्जर। जिला पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को महिला थाना प्रबंधक किरण ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कबलाना के विद्यार्थियों को ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सिम कार्ड, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे, यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति एवं साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 बारे भी जागरूक किया गया। वहीं नशे के दुष्प्रभाव के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिए। नशा एक विनाश का दूसरा रूप है। वहीं उन्होंने बताया कि अगर आपके नजदीक कोई नशीले पदार्थ की खरीद फिरौख्त करता है तो उसकी जानकारी भी आप नजदीकी पुलिस स्टेशन, डायल 112 या मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।*

## 2.14 लाख एमटी गेहूं की हुई खरीद 1.80 लाख एमटी हुआ उठान

■ फसल की खरीद के साथ-साथ उसका समय पर उठान और वैज्ञानिक भंडारण सुनिश्चित करना बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। अनाज मंडी में लिफ्टिंग कार्यों में जुटे श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

जिले की मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद व उठान कार्य निरंतर जारी है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि फसल की खरीद के साथ-साथ उसका समय पर उठान और वैज्ञानिक भंडारण सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था उत्पन्न न हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिले की मंडियों और खरीद केंद्रों में अब तक दो लाख 35 हजार 824 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि दो लाख 14 हजार 669 मीट्रिक टन से अधिक की खरीद व एक लाख 80 हजार 228 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 64 हजार 749 मीट्रिक टन, बादली में 16 हजार 854 मीट्रिक टन, ढाकला में 15 हजार 576 मीट्रिक टन, बेरी में 51 हजार 117 मीट्रिक टन, मातनहेल में 35 हजार 780 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 21 हजार 399 मीट्रिक टन, छारा में 15 हजार 49 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 945 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 13 हजार 316 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसके अलावा झज्जर मंडी में 58 हजार 39 मीट्रिक टन, बादली में 14 हजार 470 मीट्रिक टन, ढाकला में 14 हजार 523 मीट्रिक टन, बेरी में 47 हजार 951 मीट्रिक टन, मातनहेल में 32 हजार 960 मीट्रिक टन, माजरा डी में 20 हजार 567 मीट्रिक टन, छारा में दस हजार 966 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 939 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 13 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि झज्जर मंडी में 50 हजार 982 मीट्रिक टन, बादली में 11 हजार 145 मीट्रिक टन, ढाकला में दस हजार 140 मीट्रिक टन, बेरी में 39 हजार 190 मीट्रिक टन, मातनहेल में 30 हजार 750 मीट्रिक टन, माजरा डी में 19 हजार 147 मीट्रिक टन, छारा में सात हजार 288 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 707 मीट्रिक टन तथा आसौदा में नौ हजार 880 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने किया जागरूक

# नुक्कड़ नाटक व रैली से स्वच्छता व पर्यावरण की अलख जगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करती वैश्य कॉलेज की स्वयंसेविकाएं।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में नई सोच नया शहर- स्वच्छ हरियाणा अभियान 2.0 के अंतर्गत कचरा पृथक्करण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक व रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने आमजन को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता किया।

जिला नगर आयुक्त अभिनव सिवाच के दिशानिर्देशन, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिला के मार्गदर्शन व सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा के सहयोग से यह अभियान 1 मई से 16 मई तक चलाया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सीएमजीजीए खुशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आईईसी एक्स्पर्ट नेहा गुलिया, सेनेटरी इंस्पेक्टर सुनील हुड्डा उपस्थित रहें। उन्होंने स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सिंगल-यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण, वन्यजीवन एवं मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्पों के उपयोग का संदेश अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। स्वयंसेविकाओं ने अपने जीवंत एवं सशक्त अभिनय के माध्यम से प्लास्टिक को ना कहने और कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने का महत्वपूर्ण संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### नेहा गुलिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया

प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा, सीएमजीजीए खुशी व नेशनल अवार्डी नेहा गुलिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास कर प्लास्टिक के उपयोग को कम कर, कचरे का सही पृथक्करण कर और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। सिंगल-यूज प्लास्टिक से बने प्लास्टिक बैग, बोतलें, स्ट्रॉ जैसे डिस्पोजेबल वस्तुएं हमारे पर्यावरण को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचाती हैं। इनके स्थान पर रीयूजेबल उत्पादों, कपड़े के थैलों, मिट्टी एवं धातु के बर्तनों का उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अन्नु शर्मा के साथ सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### एनसीआर माइनर में डूबे प्रशांत का शव बरामद

**बहादुरगढ़।** रविवार की शाम को मांडोठी स्थित एनसीआर माइनर में डूबे युवक का शव दो दिन बाद कई किलोमीटर दूर गोयला कलां के पास मिला। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा। मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय प्रशांत के रूप में हुई है। वह मूलतः उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले से था और यहां रोहद में रहता था। जानकारी के अनुसार, रविवार को मांडोठी के निकट स्थित एनसीआर माइनर में नहाने के लिए गया और डूब गया। तब से उसे तलाशा जा रहा था। इसी बीच मंगलवार की दोपहर को सर्च अभियान के दौरान उसका शव लगभग 15 किलोमीटर दूर गोयला कलां से बरामद हुआ। पुलिस ने शव माइनर से निकाला और नागरिक अस्पताल में रखवाया।

### एमडीयू में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन


**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल और इमसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट मैनेजर और रिलेशनशिप मैनेजर जैसे पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया की गई। 48 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया।

## नेशनल हिंद केसरी कुश्ती में प्रदेश के पहलवान करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

# शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी स्टेडियम में कुश्ती का हुआ ट्रायल

- विधायक राजेश जून ने कहा कि खेलों के ऐसे मंच युवाओं को देते है नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। प्रतिभागी पहलवानों को आशीर्वाद देते विधायक राजेश जून।

महाराष्ट्र के सतारा में आयोजित होने वाली 52वीं वरिष्ठ राष्ट्रीय भारतीय शैली हिंद केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी स्टेडियम में हुए ट्रायल के दौरान हरियाणा टीम का चयन किया गया। भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नफे सिंह राठी की देखरेख में हुए ट्रायल्स में प्रदेशभर से आए पहलवानों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विधायक राजेश जून ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभाशाली युवाओं को उचित मंच मिलता है। बहादुरगढ़ खेल गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। उनके अनुसार पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी द्वारा क्षेत्र में लगातार कुश्ती प्रतियोगिता कराई जाती रही, जिससे कुश्ती व पहलवानों को बढ़ावा मिला।इस मौके पर एशियन चैंपियन सुभाष पहलवान, अर्जुन अवार्डी अशोक गर्ग, लीलू पहलवान, ओमबीर पहलवान, अंतरराष्ट्रीय कोच हवा सिंह दलाल, नाना गायकवाड़, गौरव रोशनलाल सचदेवा, सतनारायण कोच, जयवीर कोच, संजय कोच, बलदेव सिंह, पार्षद बिजेंद्र दलाल, अशोक शर्मा, राजेश मकड़ोली, मोहित नंबरदार, अखाड़ा संचालक सोल्हा पहलवान, पूर्णमल कोच, पूर्व सरपंच अनिल शाहपुर, कृष्ण पहलवान, जगबीर पहलवान, जयकिशन छिल्लर, पूर्व एसपी अनूप दहिया, नरेश छिकारा आदि मौजूद रहे।

### कुश्ती के बढ़ावे के लिए की जा रही प्रतियोगिताएं

जितेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि पहलवान शुरुआत में मिट्टी की कुश्ती ही करते हैं, इसलिए भारतीय शैली कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्व. नफे सिंह राठी ने मिट्टी की कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2024 में तुर्की में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू की मीटिंग में भारत का नाम भी शामिल करवाया था। कुश्ती के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मंच संचालन रामनिवास सैनी व भूरू पहलवान ने किया। पदम विभूषण महाबली सतपाल पहलवान ने कहा कि हरियाणा की कुश्ती परंपरा बेहद मजबूत है और यहां के पहलवान देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं, ऐसे ट्रायल उनके भविष्य को नई दिशा देते हैं। इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भी पहलवानों को प्रोत्साहित किया।


झज्जर। होनहार छात्रा महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

### छात्रा निशा वर्ल्ड आर्निस चैम्पियनशिप के लिए चयनित

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा ने आर्निस खेल के राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह शिविर जम्मू-कश्मीर में आयोजित किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय आर्निस प्रशिक्षकों और देश भर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। छात्रा निशा ने सभी प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया और उसका चयन वर्ल्ड आर्निस चैम्पियनशिप 2026 के लिए किया गया है, जो टॉकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित होगी। प्राचार्य दलबीर सिंह तथा शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष राहुल और डॉक्टर अरुण कुमार ने निशा को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

## भाजपा से सांठ-गांठ कर कांग्रेस व राहुल गांधी को बेच रहे हैं पार्टी के मठाधीश : कुलदीप वत्स

- 2024 चुनाव में हरियाणा में आ गया था कांग्रेस का राज, किस वजह से गया, जनता सब जानती है
- विधायक ने शस्त्र, शास्त्र व संविधान का दिया नारा, जल्द पूरे हरियाणा में जन जागरण अभियान चलाने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप वत्स।

मंगलवार को बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने बिना नाम लिए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को खूब घेरा। विधायक ने दिग्गज नेताओं की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे नेता भाजपा से सांठ गांठ कर कांग्रेस व राहुल गांधी को बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ मठाधीशों का बोलबाला है। इन्हीं मठाधीशों की वजह से 2024 में हरियाणा में कांग्रेस राज आते-आते चला गया और इनकी वजह से ही राज्यसभा चुनाव में पार्टी की किरकिरी हुई। उन्होंने राहुल गांधी को ऐसे नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने की अपील की। कुलदीप वत्स गांव हसनुपर स्थित अपने निवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अफवाहों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि वे पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ थे, साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे। इस दौरान उन्होंने शस्त्र, शास्त्र और संविधान का नारा दिया और कहा कि वह अपने इस मिशन को लेकर पूरे हरियाणा में जल्द ही जनजागरण अभियान शुरू करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियों में कई ऐसे नेता हैं जो अपनी बिरादरी को लेकर ही फोकस रखते हैं और स्वर्ण जातियों को टारगेट करते हैं, लेकिन वह ऐसा नहीं होने देंगे।

## निकाय चुनाव में हर वार्ड में खिलेगा कमलः बड़ौली

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नगपरिषद उपचुनाव में वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी सुधांशु शर्मा के समर्थन में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद उपचुनाव में वार्ड 13 से भाजपा प्रत्याशी सुधांशु शर्मा के समर्थन में मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने जनसंपर्क किया। उन्होंने सुधांशु शर्मा के समर्थन में लोगों से सीधा संवाद किया और भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इससे पूर्व मोहन लाल बड़ौली प्रत्याशी सुधांशु शर्मा के कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनता का जो उत्साह और समर्थन भाजपा के प्रति दिखाई दे रहा है, वह स्पष्ट संकेत देता है कि 10 मई को जनता का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और हर वार्ड में कमल खिलेगा तथा जीत के नए रिकॉर्ड बनेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में हुई भाजपा की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश की जनता विकास, सुशासन और पारदर्शिता की राजनीति को पसंद कर रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष विकास वाल्मिकी, चेयरमैन कप्तान बिरधाना, चुनाव प्रभारी रवि बराई, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार कटारिया, मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़, केशव सिंगल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### पीडीएम में स्टूडेंट्स ने की फायरलेस कुकिंग

**बहादुरगढ़।** पीडीएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चार सदनों के बीच में हुई इस प्रतियोगिता में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बिना आग के स्वादिष्ट, पौष्टिक तथा स्वच्छ खाद्य पदार्थ तैयार किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने सैंडविच, सलाद, स्प्राउट्स, फ्रूट चाट, नारियल के लड्डू, काजू की बर्फी, मिल्क शेक, मोयितो व भेलपुरी आदि विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए। ये व्यंजन देखने में आकर्षक थे और पोषण से भरपूर भी थे। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, प्रस्तुति, स्वच्छता और पोषण के आधार पर किया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता और हाइजीन का विशेष


बहादुरगढ़। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते पीडीएम स्कूल के विद्यार्थी।


झज्जर। शिक्षकों के साथ परीक्षा में सफलता पाने वाले विद्यार्थी।

### हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में एलए के छात्र छाए

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कई विद्यार्थियों ने हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट में स्थान बनाया है। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा बीते वर्ष अगस्त माह में यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी होनहार विद्यार्थियों व उनकी तैयारी कराने वाली अध्यापिका पूनम गुलिया, सुदेश व प्रीति शर्मा को स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, जितेंद्र, मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी


बहादुरगढ़। लाल चौक पर झालमुड़ी बांटते पूर्व विधायक नरेश कौशिक व अन्य।

### पूर्व विधायक ने बांटे लड्डू व झालमुड़ी

**बहादुरगढ़।** असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी में पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने अपने कार्यालय और लाल चौक पर लड्डू और झालमुड़ी बांटकर जश्न मनाया। असम चुनाव में कौशिक ने प्रवासी प्रभारी के तौर पर बिहपुरिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, संगठन की मेहनत व जनता के विश्वास व कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह जनादेश देश को नई दिशा और नई ऊंचाई पर ले जाएगा। वहां भी भाजपा की सरकार बनने से विकास के नये आयाम स्थापित होंगे।


बहादुरगढ़। भाजपा की जीत का जश्न मनाते मंडल कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा के शहरी मंडल ने मनाया जश्न

**बहादुरगढ़।** भाजपा के शहरी मंडल ने पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा को मिली प्रचंड जीत का जश्न मनाया। बहादुरगढ़ की सब्जी मंडी में मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, नरेश भारद्वाज, कर्मवीर राठी, नरेश रोहिल्ला, रामकंवार सैनी, रमेश आर्य, मंजीत बराही, यशपाल आशू सैनी, धर्मेंद्र सैनी, प्रमिला जून, दीपक सैनी, नकुल कौशिक, सचिन सैनी व राजकुमार खुराना आदि लड्डू बांटकर खुशी मनाई। संजय सैनी ने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, खून और पसीने का परिणाम है। यह जीत अमर बलिदानियों और संघर्षरत कार्यकर्ताओं को समर्पित है।


बहादुरगढ़। योगाभ्यास के बाद विशेष बच्चों के साथ योग प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विशेष बच्चों को करवाया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** बाबा रामदास एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी तथा नक्षत्र स्पेशल स्कूल में मंगलवार को इंडियन योगिनी एसोसिएशन एवं आद्या कौशालम ट्रस्ट द्वारा मूक–बधीर व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। बिमला कुमारी, कुसुम गुप्ता, महुआ डॉली व मानसी धीरन ने बच्चों को योगाभ्यास करवाया। उन्हें सरल योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं मानसिक शांति का विकास होता है।


झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराई जांच

**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर शिवम सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल संबंधी जानकारी भी दी गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों एवं जनसेवा के संकल्प के बारे में विस्तार से बताया

# पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया हवन व पौधरोपण

- हवन में आहुति डालकर पूर्व सीएम के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। लोवा खुर्द में पौधे लगाते पूर्व विधायक नरेश कौशिक व अन्य।

पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 72वें जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक के नेतृत्व में गांव लोवा खुर्द के शिव मंदिर में हवन व पौधारोपण किया। भाजपाइयों ने हवन में आहुति डालकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने क्लीन एंड ग्रीन संस्था के साथ मिलकर मंदिर परिसर में करीब 100 पौधे लगाए। आमजन से प्रकृति को हरा-भरा बनाने की अपील की। नरेश कौशिक ने भाजपा की नीतियों एवं जनसेवा के संकल्प बारे में भी विस्तार से भी बताया। उन्होंने कहा कि सीएम रहते मनोहर लाल ने हरियाणा के उत्थान व हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए। अब मोदी सरकार में मंत्री के तौर पर सर्वजन हिताय को ध्यान रखते हुए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षद अशोक शर्मा, अश्विनी शर्मा, राजेश मकड़ौली, कृष्ण चंद्र, पवन रोहिल्ला, अनिल सिंघल, जयभगवान पांचाल, सचेत कुमार, विशाल छिल्लर, उमेश सहगल, सेवानिवृत एसडीओ मुकेश शर्मा, श्रवण कुमार, विकास पांडेय व राहुल आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट देते अनिल खत्री। फोटो : हरिभूमि

### पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर के जन्मदिन पर खिलाड़ियों को दी किट

**बहादुरगढ़।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के 72वें जन्मदिन पर चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट भेंट की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अनिल खत्री ने मनोहर लाल खट्टर के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हरियाणा ने खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उनकी दूरदर्शी सोच, सादगीपूर्ण जीवनशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव हर किसी के लिए प्रेरणा है।


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते विधायक राजेश जून व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विधायक ने केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर करवाया हवन

- मनोहर लाल खट्टर के 72वें जन्मदिन पर एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर करवाया मुंह मीठा और दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को विधायक राजेश जून के कार्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का 72वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विधायक राजेश जून ने अपने कार्यालय में हवन कर कार्यकर्ताओं के साथ आहुति डाली और लड्डू बांटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शिता, सुशासन और जनहितकारी योजनाओं को नई दिशा मिली। वर्तमान सरकार भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। विधायक के साथ कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए हरियाणा के विकास में उनके योगदान को याद किया।